हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 114 | देहरादून, बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08




भाजपा संगठन की रीढ़ है युवा मोर्चा : अग्रवाल 3

# विजयदशमी का पर्व हमारे सामाजिक मूल्यों का प्रतिबिंब : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग फ्री देवभूमि बनाने का संकल्प

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 25 अक्टूबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी परेड ग्राउण्ड में बन्नू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना के तत्पश्चात रावण, मेघनाथ और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्षों से हम रावण का दहन करते आ रहे है। रावण अधर्म एवं बुराई का प्रतीक था, इसलिये उसे हर वर्ष जलना होता है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें समाज में जहां भी बुराई नजर आती है उसे दूर करने का भी सन्देश देता है। अच्छा इंसान बनकर ही हम अच्छे समाज व देश के निर्माण में सहभागी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व हमारे समाज के लिये एक सीख और सामाजिक मूल्यों का प्रतिबिंब है। यह पर्व हमारे सामूहिक शक्ति को प्रदर्शित करने, हमारी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने, और सामाजिक बुराइयों को दूर करने की दिशा में प्रयास करते रहने की परंपरा को आगे बढ़ाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे त्यौहार, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े होने के साथ ही कृषि, नदियों, पहाड़ों और हमारे इतिहास से जुड़े हुए हैं। युगों-युगों से भगवान राम, भगवान कृष्ण की गाथाएं हमारे सामाजिक परिवेश में प्रेरणा एवं जागृति का स्रोत रही हैं। नवरात्रि के शुभ दिनों के बाद आज विजयादशमी के दिन रावण का पुतला दहन हमारी महान परंपरा का ही हिस्सा है।





उन्होंने कहा कि भगवान राम जिस संकल्प को लेकर अयोध्या से निकलते हैं, उसी संकल्प से वे एक बड़ी सामूहिक शक्ति का निर्माण करते हैं और रावण पर उनकी जीत में समाज के हर वर्ग की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हुआ है। हम सभी जानते है कि प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में बनने को है। यह हमारा सौभाग्य है कि सैकड़ों साल के संघर्ष के बाद आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वहां हम भव्य मंदिर बनते हुए देख रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश में भी भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता से जुडे कई स्थान है। हनुमान जी ने प्रदेश के द्रोणगिरी पर्वत से ही संजीवनी लेकर लक्ष्मण जी की जीवन रक्षा की थी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस विजयादशमी पर प्रतिज्ञा लें कि हम 2025 तक, जब हम अपनी राज्य गठन की रजत जयन्ती मनाएंगे, अपने राज्य के लिए कुछ सकारात्मक योगदान देंगे तथा राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों का प्रदेश बनाने का संकल्प लें। हमें प्रदेश में मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग को रोकने एवं वर्ष 2025 तक पूर्ण लक्षित ₹Drug Free Devbhoomi₹ बनाने का संकल्प भी लेना होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, डा.धन सिंह रावत, विधायक खजान दास, बिनोद चमोली, मेयर सुनील उनियाल गामा, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष डा. आर. के. जैन, बन्नू बिरादरी समिति के अध्यक्ष सन्तोष नागपाल, प्रेम भाटिया, गगन सेठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 15 नवंबर को भैया दूज पर बंद होंगे यमुनोत्री के कपाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री मंदिर के कपाट आगामी 15 नवंबर को भैया दूज के मौके पर देश विदेश के आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे। भैयादूज पर सुबह ठीक 11 बजकर 57 मिनट पर विधिवत पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिजीत मुहूर्त पर धाम के कपाट बंद होंगे। जिसके बाद शीतकाल में छह माह तक मां यमुना के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में होंगे। मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर यमुनोत्री धाम के तीर्थपुरोहितों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद कपाट बंद का शुभ मुहूर्त निकाला। यमुनोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष व एसडीएम मुकेश चंद रमोला तथा सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि मंगलवार को दशहरे के अवसर पर विधिवत रूप से यमुनोत्री के कपाट बंद किए जाने का मुहूर्त तय किया गया। पौराणिक परंपरानुसार, भैया दूज के पावन पर्व पर 15 नवंबर को सुबह 11 बजकर 57 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जायेंगे। जिसके बाद मां यमुना की डोली यमुनोत्री धाम से शनि देव की डोली की अगुवाई में अपने शीतकालीन प्रवास खुशीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद शीतकाल में छह माह तक मां यमुना की पूजा अर्चना उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ में होगी तथा यहीं पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु शीतकाल में छह माह तक मां यमुना के दर्शन कर सकेंगे। मुहुर्त तय करने वालों में सचिव सुरेश उनियाल, श्री पंच पंडास समिति यमुनोत्री धाम के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, श्री केदार बद्री मंदिर समिति के सदस्य जयप्रकाश उनियाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष पवन उनियाल, मंदिर समिति के सदस्य अरविंद उनियाल, माँ यमुना शीतकालीन प्रवास खरसाली खुशीमठ मंदिर के पुजारी राजेंद्र प्रसाद उनियाल मौजूद थे।

# बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 18 नवंबर को शाम 3 बजकर तैंतीस मिनट पर बंद हो जाएंगे। मंगलवार को विजय दशमी के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक समारोह में रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी ने आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी को साक्षी मानकर कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की। इससे पहले धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने पंचांग गणना की तथा वेदपाठी रविन्द्र भट्ट सहित वेदाचार्यों ने स्वास्तिवाचन किया। अपने संदेश में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट बंद होने की तिथि घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और विजय दशमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने तक तीर्थयात्रा सुचारू ढंग से संचालित होगी। मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बार अब तक बदरी-केदार यात्रा में रिकार्ड चौंतीस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं।

ये रहे मौजूदः कपाट बंद होने की तिथि घोषित होने के अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्य स्वामी मुकुंदानंद महाराज सहित बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्य वीरेंद्र असवाल एवं भास्कर डिमरी प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान, विवेक थपलियाल, राजेंद्र सेमवाल, भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, बाबा उदय सिंह, पीतांबर मोल्फा, विनोद डिमरी, सुधाकर बाबुलकर अनसुया नौटियाल, अजीत भंडारी आदि मौजूद रहे।

# Google pay से आप ले सकते हैं 15,000 रुपये तक का लोन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अक्टूबर , गूगल मेड फॉर इंडिया के 9वें एडिशन में कंपनी ने छोटी व्यापारियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है. दरअसल, अब छोटे मर्चेंट गूगल पे एप के जरिए 15,000 रुपए तक का लोन आसानी से ले सकते हैं. इसके लिए कंपनी ने डीएमआई फाइनेंस के साथ पार्टनरशिप की है. कंपनी ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि छोटे व्यापारियों के साथ हमारे एक्सपीरियंस ने कंपनी को ये सिखाया है कि उन्हें अक्सर छोटे लोन और आसान रीपेमेंट विकल्पों की जरूरत होती है. कंपनी इस जरूरत को पूरा करने के लिए डीएमआई फाइनेंस के साथ मिलकर सैशे लोन की शुरुआत कर रही है.

ये सैशे लोन क्या होता है ?

जिन लोगों को नहीं पता कि सैशे लोन क्या होता है तो दरअसल, ये एक तरह के छोटे लोन होते हैं जो आपको कम टेन्योर के लिए दिए जाते हैं. आमतौर पर इस तरह के लोन प्री-अप्रूव्ड होते हैं और ये आपको आसानी से मिल जाते हैं. ये लोन 10,000 रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक होते हैं और इनका टेन्योर 7 दिन से 12 महीने का होता है. इस तरह के लोन को लेने के लिए या तो आपको कोई App डाउनलोड करनी पड़ती है या फिर आप ऑनलाइन भी ऐप्लिकेशन भर सकते हैं. कुल मिलाकर इसमें अन्य लोन की तरह ज्यादा ताम-झाम की जरूरत नहीं पड़ती है.

111 रुपए की होगी रीपेमेंट

अच्छी बात ये है कि इस तरह के सैशे लोन की रीपेमेंट आप 111 रुपए प्रति महीने से कर सकते हैं. यानी बिना आपके कंधों पर ज्यादा बोझ पड़े आप जरूरत के वक्त इस तरह के छोटे लोन गूगल पे से ले सकते हैं. वर्तमान में कंपनी ने सैशे लोन की सुविधा टियर 2 शहरों में शुरू की है. ऐसे लोग जिनकी मंथली इनकम 30,000 रुपये है वे आसानी से सैशे लोन को हासिल कर सकते हैं.




# बुखार में क्या होता है पसीने का योगदान?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अक्टूबर , शरीर में पसीना आने का अपना महत्व है और यह शरीरी की अहम प्रक्रियाओं में से एक है. यह शरीर को ठंडा रखने के तंत्र का हिस्सा है. कई लोग शरीर में अधिक कपड़े पहन कर या कंबल ओढ़ कर या स्टीम बाथ लेकर यह शरीर में पसीना लाते हैं. कहा भी जाता है पसीना बहाने वाली कसरत वजन कम करने में मददगार होती है. वहीं जब हमारा शरीर बुखार में गर्म होता है तो पसीना आना स्वाभाविक लगता है क्योंकि पसीने गर्म शरीर ठंडा होता है. लेकिन क्या बुखार में पासीना आना वास्तव में फायदेमंद हो सकता है. क्या बुखार में पसीना आने को अच्छा संकेत कहा जा सकता है. आइए जानते हैं कि इस बारे में क्या कहता है विज्ञान




बुखार आने का मतलब

बुखार सामान्य तौर पर शरीर का सामान्य तापमान में बढ़ोत्तरी को कहते हैं. वैसे तो शरीर में तापमान का स्तर कायम रखने के लिए पूरा का पूरा तंत्र सक्रिय रहता है. कई बार शरीर का तापमान केवल कुछ देर के लिए ही एकाध डिग्री तक बढ़ता है. लेकिन फिर भी अगर तापमान 38 डिग्री सेल्सियस ( 100 फेहरनहाइट ) तक हो उसे बुखार और अगर यह 39 डिग्री सेल्सियस ( 103 फेहरनहाइट ) तक पहुंच जाए तो उसे तेज बुखार माना जाता है.

पसीना आने का मतलब यह नहीं

ऐसे किसी तरह के प्रमाण या अनुभव देखने में नहीं आते हैं कि पसीना आने से हमें बेहतरी का अहसास हो. वहीं यह भी जरूरी नहीं कि पसीना आने का मतलब इलाज की जरूरत हो. हां हो सकता है कि जिस बुखार में यह पसीना आ रहा हो. शरीर को उसके इलाज की जरूरत हो सकती है. बुखार संक्रमण का संकेत हो सकता है जिसमें इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 जैसे संक्रमण शामिल हैं.

तापमान कायम रखने के लिए

हमारे शरीर का प्रयास रहता है कि उसका तापमान हमेशा कायम रहे. इसमें बहुत मामूली बदलाव होता है, पर फिर भी यह एक सीमा में कायम रहता है. लेकिन जब शरीर को बाहर की तुलना में तापमान बढ़ाने का प्रयास करना होता तो हमें ठंड महसूस होती है. संक्रमण में भी शरीर को ऐसा ही करना होता है. जब स्थिति सामान्य होने लगती है तो शरीर को गर्मी महसूस होने लगे हैं.


# सुसाइड रोकने के लिए क्या है 40 सेकंड ऑफ एक्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अक्टूबर , विश्व में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है. जिसकी वजह से करीब 8 लाख लोग हर साल सिर्फ सुसाइड की वजह से मौत के मुंह में समा जाते हैं. सुसाइड की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि 15 से 29 साल की उम्र में यह मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनकर उभर रही है. हालांकि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की मानें तो इन सुसाइड को काफी हद तक कम किया जा सकता है. डब्ल्यूएचओ की ओर से वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन एंड यूनाइटेड फॉर ग्लोबल मेंटल हेल्थ के साथ मिलकर 40 सेकेंड्स ऑफ एक्शन कैंपेन शुरू किया गया है.

इस बारे में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ साइकेट्री के प्रोफेसर नंद कुमार कहते हैं कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार अगर कोई व्यक्ति सुसाइड करने जा रहा है या सुसाइड का विचार बना रहा है या अपने जीवन में संघर्ष कर रहा है तो उसके साथ 40 सेकेंड बिताकर उसे आत्महत्या से दूर ले जाया जा सकता है. ये 40 सेकेंड काफी अहम होते हैं.

अगर आपके मन में आत्महत्या का विचार आ रहा है या आप अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं तो आपको अपने भरोसे के किसी व्यक्ति से बात करनी चाहिए और अपनी भावनाओं का इजहार करना चाहिए.



. अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसके अपने व्यक्ति ने सुसाइड की है तो उसके साथ 40 सेकेंड तक बातचीत करें और पूछें कि वे कैसे हैं.

. अगर आप मीडिया या आर्ट्स में काम करते हैं तो 40-40 सेकेंड की वीडियो क्लिप, आर्ट डिजाइन आंकड़ों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए.

. अगर आपके पास बड़ी संख्या में ऑडियंस तक अपनी बात पहुंचाने का प्लेटफॉर्म है तो उसके माध्यम से 40 सेकेंड का मैसेज जरूर पहुंचाएं.


# जानिए आपके शरीर का सबसे ताकतवर अंग कौन है ?

न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 अक्टूबर , मृत्यु के बाद हर किसी का अंतमि संस्कार होता है. हिंदू मान्यताओं में शरीर को आग में जलाने की परंपरा है ताकि बॉडी का एक-एक हिस्सा पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश में प्रवाहति हो जाए. अंतमि संस्कार के वक्त जब आग लगाई जाती है तो कुछ घंटों में शरीर का एक- एक हिस्सा जलकर राख हो जाता है. ज्यादातर हड्डियां भी राख में बदल जाती हैं. कुछ बच जाती हैं, जिन्हें हम नदियों में विसर्जित करने के लिए चुनकर ले आते हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि शरीर का एक हिस्सा ऐसा भी है, जो कभी नहीं जलता. आखरि इसके पीछे वजह क्या है, आइए जानते हैं.

कैल्शियम फॉस्फेट से बने होते दांत

साइंटिस्ट ने कुछ साल पहले एक रिसर्च की. दाह संस्कार के दौरान शरीर में किस तरह के बदलाव होते हैं, उसके बारे में जानने की कोशिश की. पाया कि 670 और 810 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान हो तो शरीर सिर्फ 10 मिनट में पिघलने लगता है. 20 मिनट के बाद ललाट की हड्डी नरम टिश्यू से मुक्त हो जाती है. टेबुला एक्सटर्ना यानी कपाल गुहा की पतली दीवार में दरारें आने लगती हैं. 30 मिनट में पूरी त्वचा जल गई और शरीर के हस्सिे नजर आने लगे. दाह संस्कार शुरू होने के 40 मिनट बाद आंतरिक अंग गंभीर रूप से सिकुड़ गए और जाल जैसी या स्पंज जैसी संरचना दिखाई दी. लगभग 50 मिनट बाद हाथ-पैर कुछ हद तक नष्ट हो गए और केवल धड़ बचा जो 1-डेढ़ घंटे के बाद टूटकर अलग हो गया. मानव शरीर को पूरी तरह से जलाने में लगभग 2-3 घंटे का समय लगता है. लेकिन एक हिस्सा फरि नहीं जलता



मरने के बाद जब किसी के शरीर को जलाया जाता है तो सिर्फ दांत ही बचते हैं. यही वह हस्सिा है, जिसे आप आसानी से पहचान सकते हैं. बाकी का हिस्सा एक तरह से राख हो जाता है. दांतों के न जलने के पीछे साइंस है. दांत कैल्शियम फॉस्फेट से बने होते हैं और इस वजह से उनमें आग नहीं लगती. आग में भी न जलने का कारण इनकी संरचना ही है. चिता की आग में दांत के सबसे नरम ऊत्तक जल जाते हैं, जबकि सबसे कठोर ऊत्तक यानी तामचीनी बच जाते हैं. कुछ हड्डियां भी कम तापमान में नहीं जल पातीं. दरअसल, शरीर की सारी हड्डियों को जलाने के लिए 1292 डिग्री फ़ारेनहाइट के अत्यंत उच्च तापमान की आवश्यकता होती है. इस तापमान पर भी कैल्शियम फॉस्फेट पूरी तरह से राख में नहीं बदलेगा. कुछ लोगों का दवा है कि नाखून भी आग में नहीं जलते. साइंटिफकि तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है.

# भाजपा संगठन की रीढ़ है युवा मोर्चा : अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा युवा मोर्चा रायवाला मंडल की नवनियुक्त टीम को सम्मानित किया। उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को जन-जन तक भाजपा सरकार की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। मंगलवार को भाजयुमो रायवाला की नवनियुक्त टीम ने मंडल अध्यक्ष सागर गिरि के नेतृत्व में बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ है, जो हर वक्त संगठन की ढाल की तरह कार्य करता है। चुनावों में युवा मोर्चा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।




उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। मौके पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष सूरज चौहान, रोशन कलूड़ा, मनोज शर्मा, महामंत्री विशाल भट्ट, रोबिन रावत, मंत्री संदीप शर्मा, परवेश कलूड़ा, सूरज कश्यप, कोषाध्यक्ष अनुष रावत, कार्यालय प्रभारी शिवम पाल, मीडिया प्रभारी गुलशन शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी आकाश क्षेत्री, आईटी प्रभारी राहुल कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्य विकास भंडारी, निशांत चौहान, दीपक भट्ट, आदर्श पंवार, राहुल थापा, निशांत रावत, अनुज धस्माना, अमरजीत, पियूष जोशी, सार्थक राणा, आयुष गुरंग को सम्मानित कर बधाई दी।

## उल्लास के साथ मनाया गया विजयदशमी का पर्व

रुडक़ी। बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व विजयदशमी पर श्री रामलीला कमेटी की ओर से भव्य शोभा यात्रा का निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई नहर किनारे स्थित नेहरू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज परिसर में पहुंची। जहां पर रावण का पुतला दहन किया गया। लोगों ने मंदिरों और अपने घरों में विशेष पूजा अर्चना की। श्री रामलीला कमेटी की ओर से 35 फीट ऊंचा लंकापति रावण का पुतला लगाया गया था। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। कॉलेज परिसर में राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम ने बुराई के प्रतीक रावण का वध किया गया। इसी के साथ पूरा वातावरण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं, विजय यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई देर शाम श्री रामलीला भवन पर पहुंचकर संपन्न हुई।

## रुडक़ी में बम निरोधक दस्ते ने पुतला दहन स्थल खंगाला

रुडक़ी। सुरक्षा के मद्देनजर बम निरोधक दस्ते ने पुतला दहन स्थल को । चेकिंग में सभी जगह सुरक्षा और शांति मिलने पर बम स्क्वॉड की टीम ने राहत की सांस ली। चेकिंग के बाद टीम बैरंग रवाना हो गई। जबकि पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी पॉइंट पर जाकर मोर्चा संभाल लिया। रुडक़ी में नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में बीती गंज रामलीला समिति की ओर पुतला दहन किया जाता है। हजारों की संख्या में पुतला दहन और मेले में लोग आते है। कार्यक्रम में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया था। नेहरू स्टेडियम के पास वाहनों की नो एंट्री रही। साथ ही नहर किनारे व अन्य जगहों पर पार्किंग स्थल बनाया गया। इसके अलावा सुरक्षा के मद्देनजर भी पुलिस ने कमर कसी।

## पत्नी की हत्या के प्रयास में पति गिरफ्तार

रुडक़ी। खानपुर के तुगलपुर में घरेलू क्लेश के चलते पत्नी पर तेल डालकर आग लगाने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। उधर, आग से झुलसी महिला की हालत और बिगड़ गई है। परिजन उसे देहरादून के अस्पताल से अब ऋषिकेश एम्स ले गए हैं। खानपुर के तुगलपुर गांव निवासी विजयपाल उर्फ सेठू पुत्र चंदरू का सोमवार को अपनी पत्नी बेबी से कुछ विवाद हुआ था। इससे नाराज सेठू ने पत्नी के ऊपर तेल छिडक़कर उसे आग के हवाले कर दिया था। महिला के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और उसे खानपुर सीएचसी भेजा।

## पॉक्सो का फरार आरोपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

रुडक़ी। किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। किशोरी को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। जिला संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के राजा का मंझोला गांव निवासी हकम सिंह पुत्र कल्लू काफी दिनों से लक्सर में रहकर काम करता था।

# निर्माण कार्य में देरी पर मेयर नाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने चन्द्रेश्वरनगर में सोहेलदेव महाराज पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने समय अवधि पूर्ण होने के बावजूद कार्य अधूरा होने पर ठेकेदार से नाराजगी जताई। अधिकारियों से जल्द सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण करवाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मंगलवार को मेयर अनिता ममगाईं ने चंद्रेश्वरनगर स्थित वार्ड नंबर तीन में सोहेल देव महाराजा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क में चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी और कार्य अवधि पूर्ण होने के बावजूद अधूरे निर्माण को देख मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल मौके पर संबंधित ठेकेदार को तलब कर उनको एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण में हीलहवाली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता को भी निर्देश दिए कि पार्क के कार्य पर नजर रखें। एक सप्ताह के बाद पार्क के निर्माण कार्य की रिपोर्ट उन्हें दें। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। मौके पर पार्षद प्रियंका यादव, संजय राजभर, सुजीत यादव, सुभाष ठठेरा, पीयूष गुप्ता, उमाशंकर, नीरज सिंह, दिवाकर मिश्रा, नानपुर शर्मा, विनोद मिश्रा, अरविंद राजभर, सोनू शाह, संजीव कुमार, राजेश राजभर आदि रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने बीती 30 सितंबर को चम्बा-कखवाड़ी मोटर मार्ग पर कखवाड़ी के पास हुई मैक्स वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए समिति गठित कर एसडीएम टिहरी को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पंद्रह दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हुए थे। जांच समिति गठित कर एसडीएम टिहरी के अलावा एआरटीओ और ईई लोनिवि को सदस्य नामित किया गया है।

### शिक्षकों से 26 अक्तूबर को पौड़ी पहुंचने का आहवान

नई टिहरी। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के मीडिया प्रभारी कमल नयन रतूड़ी ने गढ़वाल मंडल के शिक्षकों व संघ के पदाधिकारियों से 26 अक्तूबर को मंडल मुख्यालय पौड़ी में मांगों को लेकर किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। बताया कि राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी ने मंडल मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों की विभिन्न मांगों का निस्तारण न होने के कारण राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रवक्ता, प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य पदों पर जल्द पदोन्नति करने, चयन प्रोन्नत पर वेतनवृद्धि देने, कनिष्ठ-वरिष्ठ वेतन मामले को सुलझाने सहित 34 सूत्रीय मांगों को लेकर बीती आठ अक्तूबर को देहरादून में रैली निकाली गई थी, सोलह अक्तूबर को प्रदेश के सभी सीईओ कार्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। 26 अक्तूबर को मांगों के समर्थन में निदेशक कार्यालय पौड़ी में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### रुद्रपुर में पुलिस हिरासत से घर लौटे युवक ने जान दी

रुद्रपुर। उत्तरांचल संगम पंतनगर ने रावण, कुंभकरण, मेघनाथ का दहन किया। सैकड़ों की संख्या में लोग इस पल के साक्षी बने। रावण का पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। हर साल विजयदशमी पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है। उत्तरांचल संगम के रामलीला ग्राउंड में मंगलवार को रावण के भाई कुंभकरण, अहिरावण और उनके बड़े पुत्र मेघनाथ के साथ-साथ छोटे पुत्रों का वध करने की लीला हुई। मंचन के दौरान प्रभु राम ने कुंभकरण एवं उनके अनुज लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध किया। वहीं हनुमान, अंगद, सुग्रीव ने रावण के छोटे पुत्रों को मारने की लीला की। इन प्रसंगों के दौरान उत्तरांचल संगम के मैदान में चारों और प्रभु राम के जयकारे गूंजने लगे। इसके बाद कुंभकरण को निद्रा से जगाने, रावण-कुंभकरण संवाद, राम-कुंभकरण युद्ध, लक्ष्मण-मेघनाथ युद्ध की लीला हुई। इस अवसर पर संरक्षक दानसिंह नयाल, अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह माहोडी, उपाध्यक्ष प्रकाश भट्ट, सचिव अनिल जोशी, कोषाध्यक्ष जगत सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी गिरीश सिंह मेहरा, रवि कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

### गंभीर अवस्था में महिला को अस्पताल किया गया भर्ती

रुद्रपुर। गंभीर अवस्था में एक महिला को उप चिकित्सालय भर्ती कराया गया जहां इमरजेंसी डॉक्टर के द्वारा महिला का इलाज किया जा रहा है। मंगलवार दोपहर को गोहर पटिया निवासी एक महिला रेशमा उम्र 55 साल को परिजनों ने उप चिकित्सालय भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार महिला के साथ मारपीट,लूट पाट और छेड़ छाड़ की गई है। अस्पताल प्रशासन ने महिला का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।वही घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### नम आखों से दी मां दुर्गा को विदाई

रुद्रपुर। दुर्गा पूजा के तहत दशमी विहित पूजा के साथ शक्ति की देवी का दर्पण विसर्जन किया गया। पांच दिवसीय पूजा कार्यक्रम के अंतिम दिन मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर शंरव और उलू ध्वनि के बीच नम आंखों से विदाई देकर कैलाश के लिए रवाना किया। इधर, मंदिर प्रांगण के रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को नगर के मुख्य मंदिर में पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दशमी पूजा संपन्न कराई। इसके बाद पुरोहित के साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर के सप्त परिक्रमा कर मां का दर्पण विसर्जन किया। महिलाओं ने महामाई को सिंदूर लगाकर मन्नतें मांगी और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए सिंदूर की होली खेली। पुरोहित के अनुसार षष्ठी के दिन घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी पर आई मां पुणः घोड़े पर सवार होकर कैलाश को रवाना हो गईं। इधर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार रात को धर्मानगर मंदिर परिसर में रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्रपुर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा और अनिल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही नगर सहित सभी सात स्थान पर हो रही दुर्गा पूजा का समापन हो गया। दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, ललिता सरकार,डॉ रंजना दुबे, सुनीता मिस्त्री, हेमा चक्रवर्ती, डोली मल्लिक, कनुप्रिया शाह, लक्ष्मी राय, श्रति राय, ममता हालदार, सरस्वती मंडल, नीतू मंडल, सुष्मिता चटर्जी, अशोक मिस्त्री, अनूप सिकदर, राकेश अधिकारी, मनोज राय, ओमियो विश्वास, गोविंद मंडल, हिमांशु सरकार, सत्यजीत विश्वास,पोजीत मंडल समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दी

रुद्रपुर। थाना क्षेत्र के गांव पिपलिया नंबर एक में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पिपलिया नंबर एक निवासी राजू मंडल के पुत्र सागर मंडल (28) ने सोमवार रात करीब 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते कमरे में पंखे से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि गांव में दुर्गा पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। युवक के माता पिता ने सोचा कि उनका पुत्र दुर्गा पूजा कार्यक्रम में गया है। जब काफी देर हो गई तो उन्होंने अपने घर की तीसरी मंजिल पर देखा तो उनके पुत्र सागर ने पंखे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक अपने पीछे पत्नी मनीषा, एक बेटी रूही, बेटा जुआंश को रोता बिलखता छोड़ गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों का सौंप दिया है। दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

### सहायक अभियंता के अवास से चोरी, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। राभवन नैनीताल में तैनात सहायक अभियंता लोनिवि के हनुामन मंदिर वाली गली स्थित आवास से चोरों ने सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनको किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर से चोरी प्रिंटर किसी संदिग्ध के पास देखा गया है। जब उसने अपने सरकारी आवास पर जाकर देखा तो दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं। घर से बहुत सा सामान गायब है।

# मुख्यमंत्री ने नैनीताल घूमने आए पर्यटकों को खुद पिलाई चाय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल, 25 अक्टूबर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सादगी के साथ अपने चित परिचित अंदाज में नैनीताल की ठंडी सड़क समेत आसपास के क्षेत्र के भ्रमण पर निकल गए। इस दौरान मुख्यमंत्री डी एस ए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों के साथ कुछ देर क्रिकेट खेला। क्रिकेट प्रेमियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल खेल मैदान की स्थिति को दुरुस्त करने और नैनीताल में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जिस पर हामी भरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा उनके पास खेलों की स्थिति को सुधारने के लिए प्रस्ताव आया है जिस पर अमल किया जा रहा है।

इसके बाद मुख्यमंत्री नैनी झील किनारे पहुंचे जहां उन्होंने चाय की चुस्कियां का आनंद लेते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत करी और नैनीताल के हालातों पर चर्चा की। साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा करते हुए नैनीताल के लिए बेहतर काम किए जाने का सुझाव मांगा।





नैनी झील किनारे और सार्वजनिक स्थान पर साफ सफाई कर रहे पर्यावरण मित्रों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल और उनकी समस्याओं को जानते हुए उनके मनोबल को भी बढ़ाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को उनकी सभी समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

चाय के ठेले पर चाय की चुस्की लेने के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मुलाकात काशीपुर के कुछ पर्यटकों और उनके बच्चों से हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पर्यटकों से नैनीताल शहर के पर्यटन क्षेत्र के बारे में बातचीत करी और स्वयं पर्यटकों को चाय पिलाई। इस दौरान मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कपूर डब्बू, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट,मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, भावना शाह,दया किशन पोखरिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# धरने को 14 वर्ष पूरे होने पर गुरिल्ले गैराड़ गोलू देवता के दरबार में लगाएंगे पुकार

न्यूज वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानन्द डालाकोटी एवं जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि 26 अक्टूबर को अल्मोड़ा में गुरिल्लों के धरने को 14 वर्ष पूरे हो जाएंगे। धरने के 15वें वर्ष में प्रवेश की शुरुआत संगठन गैराड़ डाना गोलज्यू मंदिर में पूजा अर्चना तथा यज्ञ से करेगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुरिल्लों द्वारा पूर्व में दो बार चितई गोलज्यू मंदिर में सरकार के लिए घात भी लगाई थी। बिनसर में स्थापित गैराड़ डाना गोलज्यू को भी गरीबों की सहायता करने, पुकार सुनने, तत्काल चेटक लगाने वाले देवता के रूप में जाना जाता है। इसलिए गुरिल्लों ने निर्णय लिया है कि 26 अक्टूबर को पूजा-अर्चना, बुद्धि-शुद्ध यज्ञ के बाद गैराड़ डानागोलू देवता को गुरिल्लों द्वारा अपनी पुकार भी लगाई जाएगी। विज्ञप्ति में यह भी बताया गया है कि गुरिल्लों की मांगों को जहां सरकार विगत 17 वर्षों से टाल मटोली करती आ रही है, वहीं ताजा घटनाक्रम में 9 अगस्त 2023 को अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा मुख्यमंत्री जी के साथ शीघ्र वार्ता कर समस्या समाधान के आश्वासन पर भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। जब भी मुख्यमंत्री कार्यालय में इस सम्बन्ध में संपर्क किया जाता है तब या तो कोई जबाव नहीं मिलता या अभी मुख्यमंत्री जी विदेश यात्रा पर हैं आने पर कार्यवाही होगी ऐसा जबाव दिया जा रहा है। इसलिए गुरिल्ले तत्काल चेटक (प्रभाव) दिखाने वाले गैराड़ डाना गोलज्यू को गुहार लगाने को मजबूर हो गए हैं। 27 अक्टूबर से धरना पूर्ववत चलेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने गुरिल्लों से अधिक से अधिक संख्या में 26 अक्टूबर को 10 बजे बिनसर गैराड़ बैंड स्थित डाना गोलज्यू मंदिर पहुंचने की अपील की है।

# अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ छूट किसानों के हितों पर चोट

नई टिहरी। उतराखंड किसान सभा की टिहरी जिला कौंसिल ने केन्द्र की मोदी सरकार के चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डाइग्नोस्टिक सहित विभिन्न अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने के फैसले को भारतीय किसानों व उपभोक्ताओं के हितों पर चोट बताते हुए, इसे वापस लेने की मांग की है। किसान सभा ने कहा कि सरकार के इस कदम से भारतीय बाजार अमेरिकी उत्पादों से पट जायेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में किसान सभा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राणा और जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने कहा कि मोदी सरकार ने यह फैसला विश्व व्यापार संगठन में लंबित व्यापार विवाद को सुलझाने के नाम पर लिया है। जबकि सर्वविदित है कि अमेरिका व यूरोपीय संघ अपने लाभ के लिए विश्व व्यापार संगठन के विवाद समाधान तंत्र का उपयोग कर रहे हैं।

किसान सभा ने विश्व व्यापार संगठन से कृषि के क्षेत्र को इससे बाहर करने की मांग की है। किसान सभा नेताओं ने कहा कि एक अमेरिकी किसान को 61,286 डॉलर की सब्सिडी मिलती है, जबकि एक भारतीय किसान को मात्र 282 डॉलर की। बावजूद अमेरिका व यूरोपीय संघ यहां के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली से वंचित करना चाहते हैं। ऐसे में अमेरिकी व भारतीय किसानों के बीच किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उस पर अमेरिकी उत्पादों पर शुल्कों में कटौतियां, भारतीय किसानों के हितों के आत्मसमर्पण के सिवा और कुछ नहीं है। कहा कि वर्ष 2020 से मुक्त व्यापार समझौते के नाम पर अमेरिका के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे पोल्ट्री व डेयरी उत्पादों के लिए खोलने के दुष्परिणाम सामने आये हैं। क्योंकि भारतीय किसानों की आय में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। अब सेब, दाल आदि में शुल्कों की कटौती से किसानों की बदहाली और बढ़ेगी। किसान सभा ने केन्द्र सरकार से भारतीय किसानों का अहित करने वाले मुक्त व्यापार समझौते न करने की अपील की है।

## दशहरा पर्व पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत नगर में पुलिस बल रहा मुस्तैद

अल्मोड़ा। नगर में दशहरा पर्व व माँ दुर्गा शोभायात्रा के दृष्टिगत पुलिस मुस्तैद रही। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा अल्मोड़ा नगर में दशहरा पर्व व माँ दुर्गा शोभा यात्रा, प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। जिसमें निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक, अपर उपनिरीक्षक सहित पुलिस कार्मिकों को तैनात किया गया था। नगर में सुव्यवस्थित यातायात हेतु ट्रैफिक डायवर्जन किया गया तथा डायवर्जन पॉइंटों पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर यूनिट को फायर टेण्डर व अग्निशमन उपकरणों के साथ तैनात किया गया था। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा ड्यूटी में तैनात किये गये समस्त पुलिस बल की कोतवाली अल्मोड़ा में ब्रीफिंग लेकर पुलिस बल को दशहरा, पुतला भ्रमण व दहन कार्यक्रम में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्कता से ड्यूटी करने, शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों, हुड़दंगियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा कार्यक्रम प्रारम्भ से समापन तक अपने ड्यूटी पर बने रहने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

## मिर्थी में आइटीबीपी की 7वीं वाहिनी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया

पिथौरागढ़। डीडीहाट मिर्थी में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 7वीं वाहिनी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। इस दौरान हिमवीर परिवार की महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।मंगलवार को मिर्थी में सेनानी प्रमेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान उन्होंने वाहिनी की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों व कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहिनी का बल में गौरवमय इतिहास रहा है।

वर्तमान में वाहिनी भारत-चीन सीमा सुरक्षा जैसी अति संवेदनशील चुनौतियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। वाहिनी का कार्य क्षेत्र चीन सीमा के अग्रिम चौकियों तक फैला है। इससे पूर्व उन्होंने शहीद स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बाद में रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर चोरों ने दिनदहाड़े अल्मारी से लाखों के गहने उड़ाए

रुद्रपुर। चोरों ने गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में छत के रास्ते घर में घुसकर अलमारी से लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर लिए। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। मंगलवार को नगर के वार्ड नंबर 6 नानकमत्ता निवासी अशोक कुमार चौहान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि 24 अक्तूबर को सुबह समय करीब 11 बजे वह अपने घर पर नहीं था। उसकी पत्नी बच्चों को ट्यूशन के लिए छोड़ने गई थी। इसी दौरान मकान की छत से घर में घुसकर चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी के अंदर से एक जोड़ी सोने के टॉप्स, झुमके, मांग टीका, हार,नथ, एक जोड़ी चांदी के बिछुए व दो जोड़ी चांदी के पायल चोरी कर ली। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक लक्ष्मण जोशी, उप निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया तथा पीड़ित के परिवार से जानकारी ली। पुलिस मार्गों के सीसीटीवी खंगाल रही है।

### छात्रसंघ चुनाव की सुगबुगाहट, दावेदार सक्रिय

रुद्रपुर। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की सुगबुगाहट के बीच दावेदार सक्रिय हो गए हैं। लगभग सभी सेमेस्टर और स्नातकोत्तर में प्रवेश पूरे हो चुके हैं। 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की संख्या में चुनाव कराना कॉलेज प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के सामने चुनौती साबित होगा। हर बार की तरह अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच मुकाबले के आसार हैं। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई समर्थित दीपक मुंडेला का नाम सामने आ रहा है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से अशर्फी लाल वर्मा और निखिल पांडेय के नाम सामने आए हैं। अभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से प्रत्याशी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। सचिव पद पर आशीष नंद गौतम और आदित्य वर्मा के नाम सामने आ रहे हैं। उपाध्यक्ष पद पर पवन सिंह राणा, शुभम पटवा तो कोषाध्यक्ष पद पर अर्पित कलोनी और परवेज अख्तर के नाम हैं। अभी चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है लेकिन नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। दशहरा, दिवाली और कॉलेज में किसी भी समस्या के समाधान के लिए संपर्क करने की पोस्टर, होर्डिंग और सोशल मीडिया में अपील की जा रही है। कॉलेज में छात्र संघ पद के दावेदार प्रचार करते नजर आ रहे हैं।

### विजयादशमी पर क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन

रुद्रपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शस्त्र पूजन का आयोजन किया। मंगलवार को महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव कुमार सिंह के प्रतिष्ठान पर पंडित शम्भू नाथ चौबे ने विधि-विधान से शस्त्र पूजा सम्पन्न कराई। इस मौके पर संजीव सिंह ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। शस्त्रों का शक्ति के प्रतीक के रूप में पूजन किया जाता है। क्षत्रियों नें देश की एकता, अखंडता और सर्वसमाज की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। इस मौके पर अभय कुमार सिंह (राम बाबू), अश्विनी सिंह, कुणाल सिंह, शशांक सिंह, मनोज सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ राहुल गंगवार, मोहन शर्मा, संजय शर्मा, कमलेश कुमार दुबे, ब्रह्मानन्द पुरोहित मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में दशहरे पर निकली दुर्गा माता की शोभायात्रा

अल्मोड़ा । दशहरे के अवसर पर अल्मोड़ा में दुर्गा माता की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में नगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। नवरात्रि के समापन पर मंगलवार को नगर के सभी मोहल्लों से दुर्गा माता की शोभा यात्रा निकाली गई। नगर के सभी दुर्गा पंडालों से दुर्गा माता की प्रतिमाएं झांकी में सजाकर शिखर तिराहे पर पहुंची। जहाँ से झांकियां मुख्य बाजार होते हुए क्वारब विसर्जन स्थल को रवाना हुईं। झांकियों में भक्त उत्साह में झूमते गाते नजर आए। इससे पहले नगर के विभिन्न मोहल्लों से निकली झांकियों का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रास्ते में लोगों ने घरों की छतों से झांकियों पर पुष्प वर्षा की। झांकियों में सजावट के साथ डीजे पर भजन भी बज रहे थे जिसकी धुन पर भक्त नाच रहे थे। यहाँ देवी की झांकियों में नगर के लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, खत्याड़ी, ढूँगाधारा, राजपुरा, पातालदेवी आदि स्थानों से झांकियां शिखर तिराहे पर पहुँची।

# अल्मोड़ा में दशहरा पर्व की रही धूम, ढोल-नगाड़ों के साथ निकले रावण परिवार के पुतले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। दशहरा पर्व पर अल्मोड़ा में धूम रही। नगर में ढोल नगाड़ों के साथ रावण परिवार के पुतलों का जुलूस निकाला गया। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा का दशहरा विश्वविख्यात माना जाता है। अल्मोड़ा के दशहरे का अलग ही अंदाज़ है। यहाँ का दशहरा देखने देश विदेश से पर्यटक आते हैं। इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव विगत वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ही मनाया गया। नगर के सभी मोहल्लों से बनाए गए रावण परिवार के पुतले सर्वप्रथम नगर पालिका पार्किंग पर एकत्र हुए। जहाँ से पुतलों को ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस की शक्ल में पूरे बाजार में घुमाया गया। बाजार से जुलूस के बाद पुतलों का दहन एसएसजे परिसर के जूलॉजी विभाग के प्रांगण में हुआ।

विगत वर्ष तक पुतलों का दहन स्थानीय स्टेडियम में होता था परन्तु इस वर्ष स्टेडियम में निर्माण कार्य होने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कॉलेज के जूलॉजी प्रांगण में पुतला दहन हुआ। स्थान की कमी के चलते इस वर्ष पुतलों की संख्या भी कम रही। जहाँ पिछले वर्ष तक रावण परिवार के दो दर्जन से अधिक पुतले बनते थे वहीं इस वर्ष यह संख्या 15 पर सिमट गई है। अल्मोड़ा का दशहरा हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल है, यहाँ महीने भर पहले से हिन्दू के साथ मुस्लिम युवा मिलकर पुतलों का निर्माण करते हैं। अल्मोड़ा का दशहरा पहाड़ की संस्कृति की पहचान है एक पुतले के शुरू हुआ दशहरा आज दो दर्जन से अधिक पुतलों तक पहुंच गया था वर्तमान वर्ष में स्थान की कमी के चलते यह संख्या 15 रही।

पहले के समय में अल्मोड़ा में बिजली की व्यवस्था नहीं थी, तब मशालों से अल्मोड़ा के बद्रेश्वर में रामलीला की शुरुआत की गई थी। पहले रावण का ही पुतला बनता था फिर समय के साथ पुतलों की संख्या बढ़ती गई और आज लगभग सभी मोहल्लों में रावण परिवार के पुतले बनते हैं। प्रशासन भी इस दशहरा महोत्सव को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। अल्मोड़ा का दशहरा महोत्सव को देखने के लिए देश ही नहीं विदेश से भी लोग यहां पहुंचते हैं। इस वर्ष दशहरा पर्व पर पुतला दहन का कार्यक्रम कॉलेज परिसर में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जीआईसी मैदान में हुए। दशहरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत कार्की ने बताया कि अगले वर्ष से यदि सडक़ बन गई तो दशहरे के सभी कार्यक्रम जीआईसी अल्मोड़ा के मैदान में होंगे। पुतलों के निर्माण को दशहरा महोत्सव समिति द्वारा 3100 रूपये की आर्थिक सहायता पुतला निर्माण हेतु दी गई थी। दशहरा महोत्सव में समिति द्वारा पुतलों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी दिए गए। दशहरा महोत्सव में रावण, त्रिसरा, देवांतक, ताडक़ा, खर, मारिच, मकरासुर,अक्षय कुमार, दूषण, अतिकाय, कालकासुर, मेघनाथ, अहिरावण, मायासुर आदि पुतले जुलूस के रूप में निकले। महोत्सव में भगवन श्रीराम का डोला भी मौजूद रहा।

यहाँ दशहरा महोत्सव में समिति अध्यक्ष अजीत कार्की, सचिव वैभव पांडे, विधायक मनोज तिवारी, रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट, पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, संयोजक हरीश कनवाल सहित गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## कांडा-मैखुरा पेयजल योजना के निर्माण में मिली कई खामियां

चमोली। कपीरी विकास संघर्ष समिति के साथ ग्रामीणों और अधिकारियों ने कांडा-मैखुरा पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान योजना के निर्माण में कई खामियां पाई गई। योजना के पाईपलाइन खुली रहने पर ग्रामीणों ने भारी नाराजगी जताई। कपीरी विकास संघर्ष समिति के महामंत्री महिपाल नेगी ने बताया कि तल्ला दशोली और कपीरी पट्टी के तीन दर्जन से अधिक गांवों के लिए 28 करोड़ की लिफ्ट पंपिंग पेयजल योजना बनाई जा रही है। जयकंडी में अलकनंदा नदी से बनने वाली इस योजना का टैंक कंथोलीसैंण में है। नदी और टैंक के बीच बिछाई गई लाइन के पाइप कई जगह खुली छोड़ दी गई है। जबकि कई जगह लाइन को भूस्खलन जोन में विछाया गया है। कहा कि अधिकारियों के साथ हुए निरीक्षण में लाइन के निर्माण में की जा रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई गई। साथ ही सरकारी धन का दुरूपयोग की शिकायत की गई। हालांकि इस दौरान पेयजल निगम के अभियंता अरूण प्रताप और सचिन पंवार ने ग्रामीणों को पेयजल के निर्माण नियमानुसार करने का आश्वासन दिया। साथ ही ठेकेदार को मामले में उचित निर्देश देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत, महामंत्री महिपाल नेगी, प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील खंडूड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट, भगवान कंडवाल, देवेंद्र कंडवाल, पुष्कर सिंह रावत, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## मेघनाद के शक्ति प्रयोग से लक्ष्मण हुए मूर्छित, हनुमान ने संजीवनी वटी लाकर बचाए प्राण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा की नवम दिवस की रामलीला में अतिकाय वध, अंगद-रावण संवाद, रावण-मन्दोदरी संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कालनेमी प्रसंग, हनुमान द्वारा द्रोणांचल पर्वत लाया जाना, सुषेन वैद्य प्रसंग, लक्ष्मण का पुनर्जीवित होना आदि मुख्य आकर्षण रहे। देर रात्रि तक दर्शकों ने लीला का आनन्द लिया व कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही देश-विदेश में लोगों ने अपने घर पर ऑनलाइन लीला का आनन्द लिया तथा रामलीला मंचन की सराहना की। सर्वप्रथम नवम दिवस की रामलीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरुण सोनी अधिशासी अभियंता तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मण ह्रदय रोग विशेषज्ञ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र व आदर्शों से प्रेरित होकर तद्नुरूप कार्य करना चाहिए एवं कुसंगति तथा भटकाव के मार्ग में न जाकर समाज में अपनी एक आदर्श छवि स्थापित करते हुये समाज हित में कार्य करने चाहिए। नवम दिवस की लीला में राम की कलाकार रश्मि काण्डपाल, लक्ष्मण की पात्र दीक्षा कनार्टक, सीता की पात्र कोमल जोशी, हनुमान के पात्र अनिल रावत, रावण के पात्र पूर्व मंत्री बिट्टू कर्नाटक सहित सभी कलाकरों ने जीवंत अभिनय किया।

इस अवसर पर देवेन्द्र कर्नाटक, हेम जोशी, गौरव काण्डपाल, भूपेंद्र बिष्ट, प्रमोद तिवारी, दिनेश मठपाल, दयाकृष्ण जोशी, प्रकाश मेहता, ललित बिष्ट, कपिल नयाल, कौशल किशोर पाण्डे, आयुष मेहता, सुनीता पालीवाल, सीता रावत आदि सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि पाण्डे द्वारा किया गया।

## चंबा में हिन्दू संगठनों ने कुंजापुरी मेला समिति के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई टिहरी। नरेंद्रनगर में हुए मां कुंजापुरी मेले में बीते शनिवार रात सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में भजनों की जगह कव्वाली कार्यक्रम किए जाने के विरोध में हिन्दू संगठनों ने मेला समिति के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि मंच पर मां कुंजापुरी के बैनर की जगह धर्म विशेष का बैनर लगाया गया। विहिप, बजरंग दल आदि संगठनों से जुड़े लोगों ने मंगलवार को चंबा में विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि मां कुंजापुरी मेले में कव्वाली की प्रस्तुति के दौरान जो बैनर लगाया गया वह सनातन धार्मिक मान्यता के अनुसार नहीं है। विहिप जिलाध्यक्ष यशपाल सजवाण के नेतृत्व में मेला समिति के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विहिप अध्यक्ष ने कहा कि मेला समिति से जुड़े लोगों ने हिन्दू संगठनों के विरोध के बावजूद कव्वाल को बुलाकर मेले में प्रस्तुति दिलाई। कहा कि, कार्यक्रम से पूर्व ऋषिकेश स्थित स्व. इंद्रमणि बडोनी चौक पर कव्वाल का विरोध किया गया। लेकिन पुलिस बल लोगों को हिरासत में लेकर दूसरे स्थान पर ले गया। आरोप लगाया कि कार्यक्रम स्थल पर पूर्व छात्र संध अध्यक्ष हरेंद्र नेगी पर भी कुछ शरारती तत्वों ने हमला किया।

## पुलिस ने कार से एक लाख से अधिक का गांजा किया बरामद

अल्मोड़ा। भतरौजखान पुलिस ने कार से एक लाख से अधिक का गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं गांजा तस्करी कर रहे 02 युवक भी गिरफ्तार किए हैं। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा मुख्यमंत्री के संकल्प ₹ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025₹ को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद में पुलिस कार्मिकों को मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले नशा तस्करों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सोमवार 23 अक्टूबर की रात्रि में पुलिस सहायता केन्द्र मोहान पर चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके04एजे-5953 मैगनेट निशान कार में सवार अभियुक्त संदीप सैन (28 वर्ष) पुत्र बहादुर चन्द्र सैन निवासी हरिपुरा, जिला उधमसिंहनगर व हिमांशु आर्या (28 वर्ष) पुत्र ललित आर्य, निवासी ग्राम सलना, द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में 7.900 किग्रा गांजा बरामद होने पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार व गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन कार को सीज करते हुए थाना भतरौजखान में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। मामले में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा उक्त गांजा रानीखेत के आस-पास के इलाके से एक व्यक्ति से खरीद कर लाना बताया गया है, जिसे वह तराई की तरफ ले जाकर छोटी-छोटी पुडिया बनाकर अधिक दाम में बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से ला रहे थे। विवेचना के दौरान उक्त तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बरामद गांजे की कीमत एक लाख, अ_रह हजार, पाँच सौ रुपये आंकी गई है। यहाँ भतरौजखान पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी, उपनिरीक्षक गंगा राम गोला, हैड कांस्टेबल आनन्द त्रिपाठी, कांस्टेबल देवेन्द्र प्रताप शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दून में भिडेंगी उत्तराखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र की दिव्यांग क्रिकेट टीमें

देहरादून। दून में उत्तराखंड, उड़ीसा और महाराष्ट्र की दिव्यांग टीमें भिडेंगी। गुरुवार से देहरादून में होने जा रहे दून डिफेंस कप में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। टीमें बुधवार को देहरादून पहुंच जाएंगी। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के संस्थापक और पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी गिरीश पटवाल ने मंगलवार को बताया कि प्रतियोगिता 26 और 27 अक्टूबर को एसजीआर क्रिकेट एकेडमी शिमला बायपास में आयोजित की जाएगी। इससे उत्तराखंड के दिव्यांग खिलाडियों को बेहतर मंच मिलेगा। अंतराष्ट्रीय टीम में उनके चयन के रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने बताया कि टी-20 फार्मेट में होने वाली मैचों का खेल मंत्री रेखा आर्या शुभारंभ करेगी। इसके अलावा विधायक विनोद चमोली आदि मौजूद रहेंगे। पटवाल ने बताया कि यह दून डिफेंस कप का छठा सीजन है। इससे पहले भी देहरादून में प्रतियोगिता के मुकाबले हो चुके हैं। विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

### अभद्र टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

देहरादून। संत पुण्यानंद गिरी की ओर से प्रवचन के दौरान ब्राह्मण समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। उन्होंने बयान की निंदा कर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने परेड ग्राउंड से लैंसडाउन चौक तक पुण्यानंद गिरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पंडित सदानन्द सेमवाल ने कहा है कि धर्म की नगरी हरिद्वार के संत पुण्यानंद गिरी ने ब्राह्मण समाज के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है, इससे ब्राह्मण समाज बहुत नाराज हैं। एक संत को इस तरह के शब्दों पर प्रयोग शोभा नहीं देता है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गौनियाल ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में पंडित अशोक बहुगुणा, आचार्य सूरज डिमरी, आचार्य सदानन्द सेमवाल, शैलेंद्र गुसाईं, विनोद कोठियाल, संजय तितोरिया, प्रवीन कुमार, आचार्य सुधांशु चंदोलिया, हरिकृष्ण नौटियाल, मनीष गौनियाल, आचार्य दीपक बिजल्वाण, आचार्य सुनील शास्त्री, आचार्य सुधांशु, आचार्य मोहन, आचार्य चंद्रमोहन मौजूद रहे।

### डंपर की टक्कर से मिनी लोडर चालक की मौत

देहरादून। झाझरा में पावंटा हाईवे पर बेकाबू लोडर से सामने से आ रहे मिनी लोडर को टक्कर मार दी। हादसे में मिनी लोडर चालक की मौत हो गई। मौके पर डंपर छोडक़र उसका चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द किया। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि हादसा मंगलवार सवेरे करीब सवा पांच हुआ। कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली कि झाझरा में सुभारती अस्पताल के पास 16 टायरा डंपर ने सामने से मिनी लोडर (छोटे हाथी) को टक्कर मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मिनी लोडर चालक संजय सिंह (25) पुत्र गंगा शरण सिंह मूल निवासी गोरखपुर, यूपी हाल निवासी निकट पुराना पोस्ट ऑफिस, सेलाकुई को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। एसओ ने बताया कि डंपर सेलाकुई से शहर की तरफ आ रहा था और मिनी लोडर प्रेमनगर से सेलाकुई की तरफ जा रहा था। उन्होंने कहा कि डंपर को मौके से पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस ने मृतक के परिजनों से तहरीर देने को कहा है।

### जाखन में मारपीट के आरोपियों का पुतला जलाया

देहरादून। ग्रीन वैली रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी जाखन के सचिव प्रवीण भारद्वाज ने दशहर पर्व पर मारपीट के आरोपियों के साथ ही उन्हें संरक्षण देने वालों का पुतला जलाया। उन्होंने कहा कि इसी साल 22 फरवरी को कुछ लोगों ने उनके घर में तोडफ़ोड़ करने के साथ ही उनके परिवार के साथ मारपीट की, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि दशहरा पर्व पर संदेश वह देना चाहते कि देश भर में जहां भी गंभीर अपराध हो दशहरा के पर्व पर अपराधियों को रावण बनाकर जलाया जाए, क्योंकि ऐसे अपराधी रावण से बड़े गुनहगार होते हैं।

### कांग्रेस ने लगाया आंदोलनकारी आरक्षण में जानबूझकर देरी करने का आरोप

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने राज्य सरकार पर आंदोलनकारी आरक्षण में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है। धीरेंद्र प्रताप ने बयान जारी करते हुए कहा कि आंदोलनकारी आरक्षण पर विचार के लिए गठित विधानसभा प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने से साफ राज्य सरकार पर इस विषय पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा आंदोलनकारी आरक्षण के सवाल को लोकसभा चुनाव तक ले जाना चाहती है। ताकि लोकसभा चुनावों में इसका लाभ मिल सके। इससे साफ है कि सरकार का लक्ष्य आंदोलनकारी का सम्मान करना नहीं बल्कि वोट हासिल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी ना किसी बहाने से आंदोलनकारियों के वाजिब हक को टाल रही है। विधेयक में पहले देर की गई, उस पर कई कमियां छोडक़र इसे प्रवर समिति के हवाले कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब किसी ना किसी बहाने समिति की रिपोर्ट में देरी की जा रही है।

### यमकेश्वर एफसी ने कब्जाई फाइनल ट्रॉफी

देहरादून। सुनील रावत मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यमकेश्वर एफसी व एनसीएफसी ए के बीच खेला गया,जिसमे यमकेश्वर ने एनसीएफसी को 3-2से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यमकेश्वर की तरफ से जियान ने 2 गोल वा लक्की ने 1 गोल किया जबकि एनएफसीएफ एकी तरफ से साहिल और ज्ञानी ने 1-1 गोल किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, अति विशिष्ट अतिथि गीता कुमाई ने खिलाडियों का परिचय लेकर फाइनल का शुभारंभ किया था। इस मौके पर प्रतियोगिता में विजेता टीम को 41000 व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21000 वा ट्रॉफी भेंट की गई । इस मौके पर सैमुअल चंद्रा को अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड हॉकी प्रतियोगिता मे रेफरीशिप और खेलो के प्रति विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश नौटियाल,नीरज गर्ग,सूरत सिंह रावत पूर्व सभासद वीरेंद्र पंवार,,रमेश रावत,सुमेर पंवार,संदीप गोयल,नीरज गर्ग, अतिन गोयल,समिति के प्रेम सजवान, नरेंद्र रावत,अमित पंवार ,रविंद्र रावत रब्बू ,स्वराज राणा,अनिल सिंह अन्नू,सुरेंद्र राणा, राहुल कठेथ,राहुल रांगड़, सुशील नेगी,मनोज थापा,अंकित तोमर,हिमांशु मौजूद रहे ।

# क्रिएटिव हब के डांडिया में जमकर झूमे नवाब साहब के गीतों पर लोग

## धुनोची पर महिलाओं ने नृत्य कर माहौल को किया भक्तिमय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में क्रिएटिव हब की ओर से आयोजित डांडिया एवं गरबा की धुनों पर झूम के नाचे लोग। वहीं धूनोची से माहौल हुआ भक्तिमय।

लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में क्रिएटिव हब इवेंट्स प्लानर की ओर से आयोजित डांडिया एवं गरबा की शुरुवात माता की आरती से हुई जिसके बाद बंगाल की झलक पूरे कार्यक्रम में देखने को मिली। कार्यक्रम में धुनोची का आयोजन किया गया था जो की मां दुर्गा की आराधना का ही एक तरीका है। महिलाओं एवं पुरुषों ने जब धुनोचि किया तो माहौल पूरा भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत दिल्ली से आए नवाब डी जे ने लोगों को गरबा की धुनों पर नाचने को मजबूर हो गए। इस मौके पर बहुत से उपहार भी दिए गए जिनमें बेस्ट एथनिक, बेस्ट गरबा आदि शामिल है। कार्यक्रम में लोगों एवं बच्चों के लिए विभिन्न खाने आदि के स्टॉल्स भी लगाए गए थे। आयोजक मीतू बंसल ने कहा की ये एक छोटी सी कोशिश है अपनी संस्कृति को आने वाली जनरेशन को देकर जाने की आज हम अपनी संस्कृति को समझेंगे तो ही हम अपने आने वाली जनरेशन को कुछ देकर जा सकेंगे भले ही हम उत्तराखंड में रहते हैं लेकिन गरबा माता रानी को खुश करने के लिए किया जाता है और हम यही एक मैसेज आने वाली जनरेशन को दे रहे हैं कि किसी भी तरीके से अपनी संस्कृति को पकड़ कर रखो और किसी भी रूप में आगे लेकर चलो।









## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विजयादशमी पर अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया

विकासनगर। पछुवादून में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालयों में भी अस्त्र-शस्त्र पूजे गए। चांदपुर में संघ की ओर से संचालित प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर (आईटीसी) के दौरान संघ पदाधिकारियों और शिक्षार्थियों ने परंपरागत तौर पर शस्त्र पूजन किया। संघ के जिला कार्यवाह ने कहा कि सनातन धर्म में विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का खास विधान है यहां तक कि हमारी सेना में भी विजयादशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन किया जाता है। जिला कार्यवाह संदीप महावर ने बताया कि नौ दिनों की शक्ति उपासना के बाद 10 वें दिन जीवन के हर क्षेत्र में विजय की कामना के साथ चंद्रिका का स्मरण करते हुए शस्त्रों का पूजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि राम ने रावण पर विजय प्राप्त करने हेतु नवरात्र में दुर्गा सहित शस्त्र पूजा कर शक्ति संपन्न होकर दशहरे के दिन ही रावण पर विजय प्राप्त की थी। अन्य मान्यता के अनुसार इंद्र भगवान ने दशहरे के दिन ही असुरों पर विजय प्राप्त की थी।

महाभारत का युद्ध भी इसी दिन प्रारंभ हुआ था। पांडव अपने अज्ञातवास के पश्चात इसी दिन पांचाल पहुंचे थे, वहां अर्जुन ने धनुर्विद्या की निपुणता के आधार पर, द्रौपदी को स्वयंवर में जीता था। राजा विक्रमादित्य ने दशहरा के दिन ही देवी हरसिद्धि की आराधना, पूजा की थी। छत्रपति शिवाजी ने भी इसी दिन देवी दुर्गा को प्रसन्न करके तलवार प्राप्त की थी ये सभी घटनाएं शस्त्र पूजा की परंपरा से जुड़ी हैं।

## ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं ने जसपुर ने झटके 32 पदक

काशीपुर। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 19 गोल्ड, चार सिल्वर व 9 कांस्य पदक के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसमें दस खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। सानिया व सुहानी कश्यप ने चैंपियनशिप जीती। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया, दो दिवसीय प्रतियोगिता में ब्लॉक से 56 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वंशिका ने 600 मी. में गोल्ड जीता। सानिया 100 मी., 200 मी, 400 मी. फर्राटा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन रही। शिवम कुमार ने लंबी व ऊंची कूद में पहला स्थान पाया।

चाणक्य ने चक्का फेंक में गोल्ड जीता। सुहानी कश्यप ने 800 मी., 1500 मी., 3000 मी. दौड़ में पहला स्थान पाकर चैंपियनशिप जीती। वर्षा ने लंबी कूद व यश चौहान ने पोल वार्ड में गोल्ड जीता। काजल ने 100 मी., व 200 मी. में गोल्ड व 800 मीटर में कांस्य पदक जीता। यश हैमर थ्रो व अर्पित पोलवार्ड में पहला स्थान पाया। बताया, चयनित खिलाड़ी 28 अक्तूबर से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे।

## अग्निवीर शहादत पर कांग्रेस का रुख गैर जिम्मेदाराना : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि अग्निवीर शहादत को लेकर कांग्रेस नेताओं के आरोप पूरी तरह निराधार और गैर जिम्मेदाराना है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महेंद्र भट्ट ने कहा कि सेना की ओर से अधिकृत बयान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस के नेता इस मामले में झूठे आरोप लगाकर सैन्य परंपरा को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना ने अधिकृत बयान देकर कहा है कि शहीद को सैन्य सम्मान और 1 करोड़ की मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश कांग्रेस के नेता अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने इसे देश की रक्षा के लिए आगे आने वाले जवानों का मनोबल तोडने की साजिश भी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर झूठ और अफवाह फैलाकर राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पंजाब के अग्निवीर अमृतपाल की ड्यूटी के दौरान में हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर विपक्ष ने सैन्य सम्मान नही मिलने पर राजनीति की थी।

# बीमा पालिसी के नाम पर 30लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। बंद पड़ी बीमा पालिसी को सक्रिय कराते हुए उसके प्रीमियम का लाखों रुपये भुगतान दिलाने का झांसा देकर दून निवासी से तीस लाख रुपये की ठगी करने वाले गैंग के एक आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीमा लोकपाल, एनपीसीआई और आईआरडीएआई अफसर बनाकर यह ठगी की। गैंग में शामिल अन्य आरोपियों की एसटीएफ तलाश कर रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए कई तरीके अपनाते हैं।

आईआरडीएआई, एनपीसीआई और बीमालोकपाल के नाम का उपयोग कर भी बंद पड़ी बीमा पालिसा का भुगतान दिलाने का झांसा देकर लोगों को चूना लगाते हैं। ऐसे एक मामले में उमेश चंद्र जोशी निवासी आशीर्वाद एंक्लेव बल्लूपुर ने केस दर्ज कराया। कहा कि उन्होंने एक बीमा पालिसी कराई थी।

जिसका काफी समय से भुगतान नहीं कर पाए। आरोप है कि उनकी इस बीमा पालिसी की जानकारी जुटाकर साइबर ठगों ने पीड़ित को चूना लगाया। गुमराह किया कि उनकी बीमा पालिसी में जमा हुई रकम प्रीमियम समेत वापस की जानी है। इसके बाद पालिसी की पूरी मेच्योर राशि दिलाने का झांसा देकर पीड़ित से रकम जमा करवानी शुरू की।

अलग-अलग झांसे देकर आरोपियों ने पीड़ित से अपने दिए बैंक खातों में करीब तीस लाख रुपये जमा करवा लिए। इतनी रकम साइबर ठगों के खाते में जमा करने के बाद पीड़ित को समझ आया कि उसके साथ साइबर धोखाधड़ी हो रही है।

साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर जांच की गई है। जांच में पता लगा कि साइबर ठगी में शामिल एक आरोपी नोएडा में मौजूद है। वहां दबिश देकर एसटीएफ टीम ने गौरव अग्रवाल (28) पुत्र विपिन अग्रवाल मूल निवासी काशीरामपुरा कॉलोनी थाना बड़ौत जिला बागपत हाल निवासी गोपाल अपार्टमेंट बेहरामपुर नोएडा को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में पता लग कि वह बीमा कंपनी के एजेंट बनकर लोगों से साइबर ठगी करते हैं। आरोपी देशभर में कई लोगों को इस तरह चूना लगा चुके हैं।

## पछुवादून में गोर्खाली समाज ने मनाया दशौं पर्व

विकासनगर। पूरे देश में दशहरा (दशौं) पर्व को जहां एक दिन मनाया जाता है, वहीं गोर्खाली समाज में दशहरा पर्व को पांच दिनों तक मनाने की परंपरा है। मंगलवार को पछुवादून में समुदाय के लोगों ने विधिवत दशहरे पर्व की शुरुआत की। इसे अगले पांच दिनों तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गोर्खाली समुदाय के लिए विशेष माना जाना वाला दशौं पर्व मगलवार को हर्षोल्लास से प्रारंभ हुआ। इसका पिछले कई दिनों से समुदाय के लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पर्व के चलते सुबह से ही समुदाय के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। पछुवादून हरिपुर-कालसी, बाड़वाला, तेलपुर, लक्ष्मणपुर, रसूलपुर, जीवनगढ़,डाकपत्थर, विकासनगर, बरोटीवाला, लक्ष्मीपुर, सहसपुर, तेलपुरा-अटकफार्म आदि क्षेत्रों में गोरखा समुदाय ने हर्षोल्लास से पर्व की शुरुआत की। बाड़वाला पंचायत के प्रधान अरुण खत्री ने बताया कि दशौं पर्व पर परिवार के लोग अपने घरों के मुख्य द्वार पर गाय के गोबर को लगाकर उसमें हरियाली व तिलक लगाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। इसके पश्चात घर के सभी सदस्य एक जगह पर एकत्रित होकर घर के मुखिया का आशीर्वाद लेते हैं। मुखिया चावल, दही और सिंदूर का टीका परिवार के सभी सदस्यों के माथे पर लगाते हैं।

## आबादी क्षेत्र में घुसा चार टस्कर हाथियों का झुंड

हरिद्वार। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बाद भी जंगली हाथियों का आबादी क्षेत्र में आवागमन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह चार टस्कर हाथी जगजीतपुर के आबादी क्षेत्र में घुस गए। हाथियों के झुंड को देखकर लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। वन विभाग के अनुसार बुधवार की सुबह चार टस्कर हाथियों का झुंड जगजीतपुर पुलिस चौकी के पास से होता हुआ आबादी क्षेत्र में आकर घुस गया। इस दौरान लोगों ने हाथियों के झुंड की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की। सूचना पर हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंच गए। वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद टस्कर हाथियों के झुंड को जंगल की ओर सुरक्षित लौटा दिया। जगजीतपुर की गलियों से होकर जंगल की ओर लौट रहे टस्कर हाथियों की लोगों ने वीडियो भी बनाई। वन क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आबादी क्षेत्र में हाथियों को आने से रोकने के लिए तमाम कोशिश की जा रही है। जंगल से निकाल कर आबादी क्षेत्र में आए हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर लौटा दिया गया है। वन कर्मियों की गश्त टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## आयोग ने सहायक लेखाकार परीक्षा का चयन परिणाम जारी किया

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक लेखाकार परीक्षा-2022 के अंतर्गत अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग की ओर से सहायक लेखाकार परीक्षा के अंतर्गत लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) और कंप्यूटर पर हिंदी टंकन परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम चयन परिणाम जारी किया गया है। सहायक लेखाकार परीक्षा-2022 में चयनित हुए विभिन्न अभ्यर्थियों के नाम और रोल नंबर की सूची आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आयोग की ओर से 55 विभागों में सहायक लेखाकार के पदों पर चयन परिणाम जारी किया गया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि सहायक लेखाकार परीक्षा-2022 के अंतर्गत कंप्यूटर पर हिंदी टंकण परीक्षा 28 अगस्त से 11 सितंबर और 19 सितंबर-2023 को आयोजित कराई गई थी। हिंदी टंकण परीक्षा और लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों की वरीयता के आधार पर सहायक लेखाकार परीक्षा का चयन परिणाम श्रेष्ठताक्रम में घोषित किया गया है।

# संपादकीय

## अब राम या गांधी नहीं हैं

चारों ओर मार-काट मची है। बम, मिसाइलों और बारूद की अन्य किस्मों से विध्वंस किए जा रहे हैं। हररोज, हर पल अनेक नरसंहार भी किए जा रहे हैं। दुनिया का एक हिस्सा खंडहर और मलबा हो चुका है। ये किसी बुराई के खिलाफ अच्छाई अथवा असत्य पर सत्य की जीत के युद्ध नहीं हैं। साबित किया जा रहा है कि मानव विभिन्न हथियारों के सामने कितना बौना, असहाय और असमर्थ है! मानवता और इनसानियत के मूल्य गायब हैं। लगता है, इन देशों में कोई राम या गांधी नहीं हुए! कोई तो आराध्य होंगे? किसी धर्म, मजहब और उनके मूल्यों को तो ये देश मानते होंगे! दशहरा और दीपावली सरीखे मानवीय सरोकार और सौहार्द के पर्व ऐसे जंगी देश कहां मनाते होंगे! वे बुनियादी तौर पर आतंकवादी हैं, अमानवीय हैं, जैसे किसी युग में दैत्य होते थे। उन्हें सिर्फ मारना या प्रतिशोध लेना आता है। ये तो 'रावण' भी नहीं हैं, क्योंकि उस महाज्ञानी, महाशक्तिशाली राजा के प्रतिशोध का भी मकसद था। इजरायल और हमास युद्ध के संदर्भ में देखें, तो लगभग पूरी दुनिया 'कुरुक्षेत्र' में मौजूद लगती है। अथवा औसत देश एक पक्ष जरूर है। हमास के आतंकियों ने इजरायल पर अचानक हमला किया और कुल 1400 से अधिक मासूमों की हत्या कर दी और 200 बेकसूर लोगों को बंधक बना लिया। यकीनन यह आक्रमण नरसंहार की परिधि में आता है। इजरायल पलटवार क्यों न करता? नैतिकता, धर्म, मूल्य उसे क्या सिखाते हैं? प्रभु राम ने भी रावण पर हिंसक पलटवार किया था। मासूम और बेगुनाह उस युद्ध में भी हताहत हुए थे। यह तो किसी भी युद्ध की नियति है। लेकिन राम का आखिरी मकसद युद्ध नहीं था। वह युद्ध के पक्षधर नहीं थे। उन्होंने अपने दूत भेजकर रावण को समझाने और माता सीता को लौटाने के अनुरोध किए थे। अहंकार ने इसे कायरता समझा, लिहाजा राम पक्ष को युद्ध के लिए बाध्य किया गया था। प्रभु राम के राजक्षेत्र में युद्ध नहीं होते थे, लिहाजा उनकी जन्मस्थली को 'अयोध्या' नाम दिया गया। बहरहाल इन रूपकों का अब कोई मतलब नहीं है। हमास ने 7500 से ज्यादा 'हत्यारे' रॉकेट और मिसाइल दागे हैं, तो इजरायल ने भी गाजा पट्टी, लेबनान, सीरिया में 11,000 से अधिक बम बरसाए हैं। विध्वंस अभी जारी है। दुनिया के प्रमुख देश विभाजित हो चुके हैं। एक तरफ अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय देश आदि इजरायल के समर्थन में हैं। दूसरी तरफ ईरान, लेबनान, चीन, रूस आदि फिलिस्तीन समर्थक हैं, लिहाजा परोक्ष रूप से हमास के हिमायती हैं। इनमें से कोई भी देश हमास को 'आतंकी' करार देने को तैयार नहीं है, अलबत्ता इजरायल को 'आतंकवादी' और 'हत्यारा' करार देने में ये देश बिल्कुल तैयार हैं। बहरहाल अभी तक दोनों पक्षों के 5100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इनमें बीते 24 घंटे में मौत के घाट उतार दिए गए 436 ऐसे लोग भी हैं, जिनमें 182 बच्चे भी शामिल थे। ये प्राणी की दया नहीं पालते, तो अहिंसक कैसे बनेंगे? मूल्यों को क्यों मानेंगे? घायलों की संख्या भी 15,000 से अधिक बताई जा रही है। ये वे आंकड़े हैं, जो सार्वजनिक किए जा चुके हैं। हकीकत तो दुनिया को पता ही नहीं है। चीन ने मध्य-पूर्व में अपने 6 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। रूस का युद्धपोत 'काला सागर' में तैनात है। इन युद्धपोतों पर 'हत्यारे हथियार' भी लगे हैं। अमरीका ने इजरायल का सुरक्षा-कवच तान लिया है। यमन के हूती आतंकियों ने हवाई हमले किए थे, तो अमरीका ने उन्हें निरस्त कर दिया था। ब्रिटेन और कनाडा के लड़ाकू विमानों को चीन ने इंटरसेप्ट किया था। हालांकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, बहरीन, मोरक्को और मिस्र सरीखे अरब और इस्लामी देश युद्ध के किसी भी पाले में नहीं हैं, लिहाजा 'सांप्रदायिक' आधार पर लामबंदी बहुत मुश्किल लगती है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# संक्षिप्त खबरें

## साईबाबा की पूजा-अर्चना सुख समृद्धि की कामना की

हरिद्वार। श्री साईंबाबा की 105 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तरी हरिद्वार स्थित शिरडी साई बाबा मंदिर भूपतवाला में समाधि समारोह धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने श्री साईबाबा की पूजा अर्चना एवं साईबाबा की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक कर परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्य ट्रस्टी प्रिया दत्ता ने कहा कि साईबाबा का नाम का सिमरन मात्र से ही मनुष्य के कष्ट दूर हो जाते हैं। मानव कल्याण में सभी को मिलजुल कर प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर आरती, मंगल स्नान, श्रंग्रार आरती, हवन यज्ञ, साईं चरित्र परायण पाठ भी किया गया।

## हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

हरिद्वार। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर संत समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संरक्षक डॉ.विशाल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष लक्की वर्मा व जिलाध्यक्ष परविंदर पंडित के नेतृत्व में शिवमूर्ति चैक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। इस अवसर पर डॉ.विशाल गर्ग ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य जिस तरह से सनातन धर्म व संतों के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं। उससे वह आज के रावण बन गए हैं। इसलिए दशहरे अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी ने रावण की जगह स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया है। प्रदेश अध्यक्ष लक्की वर्मा व जिला अध्यक्ष परविंदर पंडित ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य को अपनी अभद्र टिप्पणियों के लिए क्षमा याचना करनी चाहिए। यदि वे क्षमा याचना नहीं करते हैं तो सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजना चाहिए। भाजपा नेता सुभाष चंद्र, बाबा मोती राम, राजन राठौड़, अंकित यादव, विक्की मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिक्षिका से बैग झपटने का दूसरा आरोपी भी दबोचा

हरिद्वार। सरेराह शिक्षिका से बैग झपटने के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को रानीपुर पुलिस ने दबोच लिया जबकि एक आरोपी को शिक्षिका ने अपने बेटे के साथ मिलकर पकडक़र पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी ने सिडकुल में एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था, जो बरामद कर ली गई है। शिवालिक नगर क्षेत्र में घर लौट रही भेल के सेक्टर एक में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका महेश्वरी शाह से एबीसीडी पार्क के पास बैग झपट लिया गया था। मोटरसाइकिल सवार दो युवक बैग झपटकर फरार होने में कामयाब रहे थे। बैग में मोबाइल फोन, स्कूल की मुहर, चाबियां, नकदी समेत अन्य दस्तावेज थे। रविवार को शिक्षिका ने बेटे के साथ मिलकर अचानक दिखाई दिए एक आरोपी आशु निवासी विष्णुलोक कालोनी को पकडक़र पुलिस को सौंप दिया था जबकि दूसरे आरोपी नहीं पकड़ में आ सका था। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि दूसरे आरोपी प्रिंस निवासी विष्णुलोक कालोनी को भी पकड़ लिया गया। जिसके कब्जे से मिली मोटरसाइकिल उसने सिडकुल क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया। बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## बद्रीनाथ धाम में श्री अवधूत मंडल आश्रम का उद्घाटन

हरिद्वार। बद्रीनाथ धाम में श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर आश्रम का उद्घाटन किया गया है। श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर हरिद्वार के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी संतोषानंद देव ने बद्रीनाथ धाम में कहा कि उनके गुरु स्वामी सत्यदेव ने 23 अक्तूबर 2004 को बद्रीनाथ में अपना शरीर छोड़ा था। इसलिए उनकी याद में बद्रीनाथ में आश्रम बनाने का संकल्प लिया था, जो आज पूरा हुआ है।? मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।? डॉ. संतोषानंद ने कहा कि आश्रम का निर्माण होने से बद्रीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। आश्रम में 65 कमरे तैयार हो गये है। उन्होंने कहा कि आश्रम में साधु संतो एवं निर्धन असहाय लोगों के लिए निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश चौधरी ने किया। इस मौके पर बचनदास, ओमकार देव, राजेश मुनि, बलबीरदास, ब्रह्मानंद आदि मौजूद थे।

## महानिर्वाणी अखाड़े में संतों ने किया शस्त्र पूजन

हरिद्वार। दशहरे के अवसर पर कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी में शस्त्र पूजन किया गया। महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में अखाड़े के संतों ने सूर्य प्रकाश और भैरव प्रकाश नामक भालों व अन्य शस्त्रों की पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की और धर्म रक्षा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने बताया कि आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित दशनामी सन्यास परंपरा के नागा सन्यासी दशहरें पर अखाड़ों में शस्त्र पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में शास्त्रों के साथ शस्त्र पूजन का भी विधान है। अखाड़ों की परंपरा में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर महंत सूर्य मोहन गिरी, महंत अखिलेश भारती, महंत कमलपुरी, महंत ज्ञान भारती, महंत मोहन गिरी, महंत रामगिरी, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, महंत शिवनाथ, महंत हनुमान बाबा सहित अखाड़े के सभी संत महंतों ने शस्त्र पूजन कर अखाड़े के आराध्य भगवान कपिल मुनि के जयकारे लगाते हुए सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया।

## नारियल विक्रेता से मोबाइल फोन झपटने का आरोपी धरा

हरिद्वार। नारियल विक्रेता का मोबाइल फोन झपटकर भाग रहे युवक को रानीपुर पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। ज्वालापुर की बाबर कालोनी ईदगाह रोड निवासी शमीम खान पेशे से नारियल विक्रेता है। रविवार शाम टिहरी विस्थापित कालोनी से होते हुए जा रहा था। इसीदौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक उसके पास पहुंचा। नयुक ने नारियल खरीदने की बात कहते हुए ऑन लाइन भुगतान करने के लिए क्यूआर कोड देखने के लिए उसका मोबाइल फोन ले लिया। आरोप हैकि युवक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। शिकायत मिलने पर रानीपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर लिया। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि आरोपी सुधांशु निवासी दुर्गा कालोनी अमरोहा यूपी हाल निवासी गोकुल धाम कालोनी ज्वालापुर को टिहरी विस्थापित कालोनी से शिवालिक नगर जाने वाले मार्ग पर दबोच लिया। उसके कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है।

## फैक्ट्री की छत से एसी की आउटडोर यूनिट उड़ाई, घर से उड़ाया टीवी-लेपटॉप

हरिद्वार। शहर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग जगह चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। मौका मुआयना कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटनाओं का खुलासा कर दिया जाएगा। पुराना औद्योगिक क्षेत्र में ई-2 में गुरप्रीत दिलावरी की कंपनी है। कंपनी की छत पर लगे एसी के दो आउटडोर यूनिट चोरी कर लिए गए। उधर, प्रमिंदर सिंह निवासी बिल्वकेश्वर कॉलोनी, हाल निवासी शंकर गिरी की हवेली बड़ा बाजार की किताबों की दुकान है। दुकान के पास स्थित उनके घर से टीवी और लेपटॉप चोरी कर लिया गया। घर का दरवाजा तोडक़र चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

# प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने पर भड़का राज्य आंदोलनकारी मंच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर विचार के लिए गठित प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने का राज्य आंदोलनकारी मंच ने कड़ा विरोध किया है। देहरादून में शहीद स्मारक पर मंच की बैठक में राज्य आंदोलनकारी नेताओं ने प्रवर समिति के अध्यक्ष संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर निशाना साधा है। राज्य आंदोलनकारी मंच ने मंगलवार को शहीद स्थल पर आपात बैठक में प्रवर समिति के निर्णय की कड़ी निंदा की। मंच के अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी और प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि प्रवर समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य आंदोलनकारियों, उनके आश्रितों और शहीद परिजनों के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि इसे प्रवर समिति की लापरवाही कहें या ढिलाई कि वह न तो आंदोलनकारियों को कोई राहत दे पाए और न उनकी भावनाओं का ही ध्यान रख पाए। बैठक में वक्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य आंदोलनकारी मंच इसे लेकर प्रवर समिति के अध्यक्ष के सम्मुख अपना विरोध दर्ज कराएगी। समिति का कार्यकाल जो दो महीने के लिए बढ़ाया है, उसे वापस लेकर दो सप्ताह करने की मांग रखेगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो मंत्री अग्रवाल और सीएम के सामने अपना विरोध दर्ज कराएंगे। आंदोलनकारी वीर सिंह रावत और सूर्या बमराड़ा ने कहा कि हमारी उम्र की सीमा पार हो रही है, इसकी जिम्मेदारी सबसे पहले तय होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो प्रवर समिति ने आंदोलनकारियों की भावनाओं से जो खिलवाड़ किया है उसे कभी माफ नहीं किया जाएगा। राज्य आंदोलनकारी सुदेश कुमार और विनोद असवाल ने इस मसले पर आक्रामक रणनीति अपनाने पर जोर दिया। इस मौके पर सुदेश सिंह, सतेंद्र नौगाई, विजय बलूनी, प्रभात डण्डरियाल, आशीष चौहान, शैलेन्द्र सिंह राणा ने भी विचार रखे।

## आइटीबीपी ने 62वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

देहरादून। भारत तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी ने 24 ने बल का 62वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर महान निरीक्षक निदेशक आइटीबीपी पीएस डंगवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद उन्होंने अकादमी परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण किया। इसके उपरान्त निदेशक अकादमी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को भातिसी पुलिस बल के स्वर्णिम इतिहास के बारे में संक्षेप में जानकारी देते हुए बताया कि बल ने प्रारंभ में मात्र 4 वाहिनियों के साथ देश की उत्तरी सीमाओं की रक्षा का कार्यभार संभाला था। वर्तमान में बल को लद्दाख के काराकोरम पास से, अरुणाचल प्रदेश में जेचेप ला तक 3488 कि0मी0 की सीमा की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। बल की अग्रिम चौकियों की उँचाई भारत-चीन सीमा पर 9000 फीट से 18700 फीट तक है।

# फोन पर बातचीत करने के लिए फनार के ग्रामीणों को लगानी पडती है दो से तीन किमी दौड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फनार वासी नेटवर्किंग सुविधा से अभी तक वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ देशभर में सरकार फाइव जी सेवा शुरू करने का दावा करती है। वहीं फनार के ग्रामीणों को फोन और नेटवर्किंग सेवा के लिए दो से तीन किमी दूर दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर फनार गांव सहित आसपास के गांवों में संचार सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रेषित ज्ञापन में ग्रामीणों ने लिखा है कि फनार पंचायत के गांव फनार, बिमफड, नूडाईथात, देवड छानी में लगभग बारह सौ की आबादी अभी तक दूरसंचार सुविधा से वंचित हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य हरीश राणा ने बताया शासन प्रशासन से लेकर सांसद तक फनार गांव पंचायत में नेटवर्किंग के बारे में कही बार लिखित रुप में दिया गया। लेकिन सुचना प्रोद्योगिकी युग में अभी तक ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताया कि एक तरफ सरकार फाइव जी सेवा देश में शुरु करने का दावा कर रही है। वहीं फनार गांव में नेटवर्क नेट वर्किंग की समस्या बनी रहती है। कहा कि बीएसएनएल से लेकर तमाम निजी संचार कंपनियों की संचार सेवा सभी जगह उपलब्ध होने के सरकारी दावे किये जाते हैं। लेकिन फनार गांव में कोई भी संचार नेटवर्क काम नहीं करता। जिसके चलते गांव के लोगों को यदि कहीं अपने नाते रिश्तों के लोगों से बातचीत करने होती है अथवा कोई जानकारी लेनी होती है तो गांव से दूर दो से तीन किमी दूर जाकर दूधाधार जहां नेटवर्क पकडता हैं वहां से बातचीत करनी पडती है। गांव के स्याणा रणेशवर सिंह, रणबीर सिंह, बलबीर सिंह, जगबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, बचन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सतपाल सिंह, कर्म सिंह आदि ने दूरसंचार मंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर फनार पंचायत में शीध्र संचार नेटवर्किंग सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# दवा निर्माण के अच्छे तरीकों के लिए भरोसेमंद सामान का इस्तेमाल जरूरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार : हाल में आई खबरों से सामने आया है कि भारत में कई दवा कंपनियां मानक से घटिया स्तर की निर्माण विधियों का प्रयोग कर रही हैं। इससे न केवल उनके ब्रैंड पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि व्यापक रूप से पूरे दवा उद्योग की छवि भी खराब हो रही है। नतीजतन, सरकार ने दवा कंपनियों और विशेष रूप से एमएसएमई को अगले 6-12 माह में निर्माण के लिए बेहतर तरीके अपनाने या जीएमपी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया है।

आंकड़ों के अनुसार, कुल 10,500 निर्माताओं में से केवल दो हजार के पास ही "जीएमपी सर्टिफिकेट" है। इससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है, जिसका समाधान सरकार को प्रयत्न करके खोजना है। दवा संबंधी उत्पादों में मानक और निर्माण-विधियों में सुधार पर निगरानी के साथ जीएमपी सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, सरकार को एपीआई, फाइनल फॉर्म्युलेशंस और दवा उत्पादों के निर्माण के लिए भारतीय दवा निर्माताओं द्वारा आईपीए, एसीटोन, एमडीसी और मेथनॉल जैसे फार्माकोपिया मोनोग्राफड सॉल्वेंट्स/एक्सीपिएंट के प्रयोग पर भी अधिक सजग रुख अपनाना चाहिए। दि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 की दूसरी अनुसूची के खंड-16 के अनुसार, फार्माकोपिया का मानक, इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (आईपीसी) और राज्य की अन्य नियंत्रण इकाइयों द्वारा निध र्रित मानकों के अनुरू पबनाए रखना जरू री होता है। राज्य की नियंत्रण इकाई के साथ काम कर चुके श्री विकास बयानी का कहना है, स्ब्रैंड की अच्छी छवि तैयार करने के लिए किसी भी कंपनी को बरसों तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और ढेरों तरीके अपनाने पड़ते हैं। लेकिन, जीएमपी नियमों का पालन नहीं करने, सरकार की नजर में आने और मीडिया की सुर्खियां बन जाने से कुछ ही दिनों में ब्रैंड की छवि और कॉरपोरेट साख खराब हो सकती है। जीएमपी से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने वाले और जरूरी सर्टिफिकेट नहीं लेने वाले निर्माताओं पर नजर रखने के साथ-साथ सरकार अब दवा कंपनियों द्वारा संचालित प्रत्येक प्लांट का विवरण भी हासिल कर रही है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सरकार को इसी तरह का अभियान उनके खिलाफ भी चलाना चाहिए, जो सॉल्वेंट के प्रयोग के नियम-कानूनों की ओर आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं। वास्तव में, फार्माकोपिया स्तर की विश्वसनीय सामग्री का प्रयोग करना, किसी भी प्रकार की अच्छी निर्माण विधि को लागू करने की दिशा में पहला कदम होगा। हम पहले ही देख चुके हैं कि हाल में विदेश में किस प्रकार अनेक दवा उत्पाद नियंत्रण इकाइयों की निगरानी में आए हैं। इससे भारतीय दवा उद्योग ही नहीं, बल्कि दुनिया में अग्रणी दवा निर्माता के रूप में भारत की भी साख और छवि पर धब्बा लगा है। आजकल नकली दवाइयों के कारण दवा कंपनियों की घटती ब्रैंड वैल्यू से भारतीय निर्यात पर भी बुरा असर पड़ रहा है। श्री बियानी ने आगे कहा, "पिछले कई वर्षों से, हम सरकार से निवेदन कर रहे थे कि दवा निर्माण में भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) या अंतर्राष्ट्रीय फार्माकोपिया द्वारा निर्धारित मानकों को सख्ती से लागू कराया जाए।

## शास्त्र संस्कृति का परिचय व शास्त्र धर्म की रक्षा को देते हैं प्रेरणा:संजीव

विकासनगर। हरबर्टपुर स्थित कार्यालय में भारत रक्षा मंच ने विजय दशमी के पर्व पर शस्त्र पूजन उत्सव में आए हुए प्रांत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि दहशरा पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

इस मौके पर रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने शस्त्र पूजा की। विजयदशमी शस्त्र पूजन भारत रक्षा मंच प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया भारत रक्षा मंच का विशेष कार्यक्रम आगरा में रहता है। कहा कि धर्म की रक्षा के लिए हम अपने घरों में शस्त्र और शास्त्र दोनों रखें। शास्त्र हमें संस्कृति का परिचय करता है और शस्त्र हमें धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। आज जब हम रावण के पुतले का दहन करते हैं तो हम सभी को हमारे समाज की कुरीतियां बुराइयों को जलाने की जरूरत है।

कहा कि आज हमारे समाज में रावण प्रवृत्ति की लोग रोज-रोज सीताओं का हरण कर रहे हैं। धर्म परिवर्तन कर रहे हैं जो कि रावण रूपी मानसिकता से हम सभी को एकता के साथ धर्म की रक्षा वह राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की आवश्यकता है। भारत रक्षा मंच पूरे प्रदेश में अलग-अलग शाखाओं में शस्त्र पूजन उत्सव कार्यक्रम मना रहा है। इस दौरान महिला मंच प्रदेश उपाध्यक्ष मधु राघव, देहरादून ग्रामीण जिला महामंत्री सुधीर काला, रितु ठाकुर, प्रिया मिलगनी, अर्विद तिवा,री पीसी चंदोला आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, केस दर्ज

देहरादून। तलाकशुदा महिला को शादी का झांसा देकर युवक लंबे समय तक दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि उसने पीड़िता के गहने भी बिकवा दिए और कई हजार रुपये रकम भी ली। शादी का वक्त नजदीक आया तो आरोपी दूरी बनाकर फरार हो गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि एक महिला ने तहरीर दी। कहा कि उसका संपर्क अरपान गोयल नाम के युवक से हुआ। दोनों में दोस्ती हुई तो आरोपी पीड़िता से शादी करने की बात कहता। उसके बहकावे में आकार पीड़िता ने अपने पति से तलाक लिया और आरोपी के साथ लिवइन में रहने लगी। इस दौरान लगातार आरोपी पीड़िता संग शारीरिक संबंध बनाता रहा। कहा कि आगामी तीन नंवबर को दोनों को शादी आर्य समाज मंदिर में करनी तय थी। इस बीच आरोपी ने शादी से मना कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने साथ में रहते हुए पीड़िता के दो लाख रुपये के गहने बिकवा दिए। इसके अलावा भी कई हजार रुपये उससे उधार लिए। आरोप है कि निजी पलो की वीडियो बनाकर उसे वायरल कर बदनाम करने की धमकी भी दी। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि आरोपी अरपाल गोयल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## भारत की जीत में चमके उत्तराखंड के सोवेंद्र

देहरादून। चीन में चल रहे एशियन पैरा गेम्स में उत्तराखंड के सोवेंद्र सिंह के गोल की बदौलत भारत ने मलेशिया को ब्लाइंड फुटबॉल में मात दी है। सोवेंद्र भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते जा रहे हैं। सोवेंद्र देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में ट्रेनिंग करते हैं। चौथे एशियन पैरा गेम्स में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। सोवेंद्र को टीम में द वाल के नाम से जाना जाता है। भारत की टीम में उत्तराखंड से चार खिलाड़ी, सहायक कोच और गोल गाइड के रूप में नरेश सिंह नयाल भी शामिल हैं। सहायक कोच नरेश सिंह नयाल ने बताया कि अभी भारत को अपने तीन लीग मैच और खेलने हैं। पहला मैच चीन से हार गए थे। मलेशिया को मात देकर टीम का आत्म विश्वास बढ़ा है। उम्मीद है आने मैचों में भारत का प्रदर्शन और निखरेगा। बता दें एशियाई ब्लाइंड फुटबाल चैंपियनशिप में भारतीय का हिस्सा रहे सोवेंद्र सिंह पूर्व में भी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। सोवेंद्र मूल रूप से उत्तरकाशी के रहने वाले हैं। उन्होंने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान से 12वीं की पढ़ाई पूरी की है।

## शांतिकुंज से देश व्यापी व्यसन मुक्ति रैली का शुभारंभ

हरिद्वार। गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के निर्देशन में देशभर में फैले प्रज्ञा संस्थानों ने व्यसन मुक्ति रैली निकाली। विजयादशमी पर्व के अवसर पर रावण, कुंभकरण के पुतले जलाने के साथ ही दुव्र्यसनों को जड़ से निकाल फेंकने का आह्वान किया। शांतिकुंज में सैकड़ों पीतवस्त्रधारी लोगों ने हाथ में व्यसन मुक्ति के विभिन्न नारेकी पट्टी के साथ गेट नंबर तीन से व्यसन मुक्ति रैली का शुभारंभ किया। यह रैली में लोगों को अपने-अपने परिवार संबंधी, दोस्तों सहित परिचितों को दुव्र्यसनों से दूर रहने के लिए संकल्पित कराये गये। वहीं नशा मुक्त भारत बनाने की दिशा में सार्थक पहल करने की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही देवसंस्कृति विश्वविद्यालय परिवार ने महाकाल मंदिर से व्यसन मुक्ति रैली की शुरुआत की। युवापीढ़ी को दुव्र्यसनों से दूर करने के लिए आवाहन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यसन से मुक्ति हेतु प्रेरित किया गया। देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि गौरवशाली युवा नेतृत्व एवं विश्व को आध्यात्मिक प्रकाश देने वाला देश भारत, वर्तमान समय में दुव्र्यसनों की आँधी में जा फँसा है। नशा सामाजिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टियों से निषिद्ध वस्तुओं में है। नशा करना एक ऐसी बीमारी है जिसे करता तो एक व्यक्ति है, पर उसकी सजा सारा समाज भुगतता है। नशे का यह घातक दुव्र्यसन एक ऐसी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है कि यदि समय रहते इस विषमता का, विकृति का निराकरण न किया गया, तो देश का भविष्य एक ऐसे अंधकारमय गर्त में जा कर गिरेगा। जहाँ से उभर पाना संभव न हो सकेगा। गायत्री परिवार दशहरा-दीवाली को दुव्र्यसनों के नशासुर के अंत हो के संकल्प के साथ मनाएगा। श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने के लिए अधिक से अधिक जन आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया।

## डेंगू के नौ नए मरीज मिले

हरिद्वार। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू के नौ नए मरीज मिले हैं। मंगलवार को आई स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब डेंगू के मरीजों की संख्या 623 पहुंच गई है। जिला मलेरिया अधिकारी गुरनाम सिंह ने बताया कि 58 एलाइजा टेस्ट में नौ मरीजों को डेंगू की पुष्टि हुई है। मंगलवार को मिले मरीज रुड़की नगर निगम क्षेत्र के अतिरिक्त ढंडेरा, इमलीखेड़ा, कलियर और रुड़की ब्लॉक क्षेत्र के हैं।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र-पूजन एवं दशहरा महोत्सव

हरिद्वार। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कनखल स्थित राजपूत धर्मशाला में शस्त्र-पूजन एवं दशहरा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शस्त्र-पूजन के अवसर पर आयोजित यज्ञ के मुख्य यजमान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरिद्वार के संघ चालक रोहिताश्व कुंवर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में क्षत्रियों का योगदान सर्वोपरि है। बिना किसी भेदभाव के क्षत्रिय योद्धाओं समाज की बुराईयों एवं कुरीतियों का शमन कर समरसता के साथ जोडने का कार्य किया है। शस्त्र-पूजन कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा, योगेन्द्रपाल सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष शेखर राणा, महामंत्री सुशील पुंडीर, कोषाध्यक्ष सुमित चौहान, समीर पुंडीर, स्वामी प्रेम विक्रम सिंह, डॉ. अजेन्द्र कुमार, पार्षद नागेन्द्र सिंह राणा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दुष्यन्त सिंह राणा, महामंत्री आशीष चौहान, मुनेश राणा, अजय चौहान, रवि किशोर चौहान, लोकेन्द्र पाल सिंह, नवनीत राणा, प्रकाश चौहान, उपदेश चौहान, डॉ. बिजेन्द्र सिंह, तनुज शेखावत, अभिमन्यु राणा, हदयेश तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री डॉ शिवकुमार चौहान द्वारा किया गया।

## विचाराधीन कैदी की तबियत बिगडने से मौत

हरिद्वार। भूमि बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार विचाराधीन कैदी की अचानक तबियत बिगडने से मौत हो गई। माना जा रहा है कि दिल का दौरा पडने से मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आ जाएगी। एसओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी ने जानकारी दी कि 20 जुलाई माह में सोमदत्त निवासी टिहरी विस्थापित कालोनी ने भूमि बेचने के नाम पर 29.5 लाख की रकम हड़प लेने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपी शहजाद निवासी ग्रीन पार्क कालोनी रुड़की , आमीर फरीदी निवासी खेलपुर नसरूल्लापुर भगवानपुर और बृजपाल चौहान निवासी रुड़की रोड कृष्णानगर पल्लवपुरम मेरठ यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।